शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट – सराहनीय कार्य, दिनांक- 27.03.2024,

थाना बण्डा पुलिस द्वारा उपरोक्त घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए मात्र 12 घन्टे के अन्दर खुलासा किया गया। प्रेम प्रंसग के चलते की गयी हत्या के अपराध में वांछित अभियुक्त गण गिरफ्तार।

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में श्री मनोज कुमार अवस्थी, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) व श्री पंकज पन्त, क्षेत्राधिकारी पुवायां जनपद शाहजहाँपुर के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान तलाश वांछित/वारन्टी अपराधी व रोकथाम मादक पदार्थ तस्करी एवं चैंकिग संदिग्ध व्यक्ति-वाहन व रोकथाम जुर्म जरायम/गश्त के दौरान आज दिनाँक 27.03.2024 को थाना बण्डा पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

थाना बण्डा पर **दिनांक 27.03.2024 को वादी श्री सतेन्द्र पुत्र रामप्रसाद नि0ग्रा0 ददिउरी थाना बण्डा जनपद शाजहहाँपुर द्वारा दिये गये लिखित प्रा0पत्र के आधार पर मु0अ0सं0-218/24 धारा 302/34 भादवि बनाम** 1.सनोज कुमार पुत्र महेश कुमार व अभियुक्ता 2.भागवती पत्नी स्व0 राजीव कुमार नि0गण ग्राम ददिउरी थाना बण्डा शाहजहाँपुर के विरुद्ध पंजीकृत होकर विवेचना मुझ प्रभारी निरीक्षक द्वारा सम्पादित की जा रही है। प्रकरण की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए उच्चाधिकारीगण द्वारा दिये गये निर्देशन के क्रम में नामजद/वांछित अभियुक्त गण उपरोक्त की अतिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु एक टीम का गठन किया गया। जिसका टीम प्रभारी, मैं प्रभारी निरीक्षक बण्डा स्वंय था। मुखबिर की सूचना/निशादेही पर अभियुक्त 1.सनोज कुमार व 2.भागवती उपरोक्त को कारण गिरफ्तारी बताकर ददिउरी तिराहे के पास से आज दिनांक 27.03.24 को हिरासत पुलिस मे समय करीब 10.15 बजे लिया गया। चूंकि इसके विरुद्ध वर्णित **धारा 302/34 भादवि** का अपराध जघन्य अपराध है और अभियुक्त गण के द्वारा विवेचना में सहयोग न करने तथा मुकदमा वादी पर अनुचित दबाव बनाने की सम्भावना से इंकार नही किया जा सकता है, इस लिए अभियुक्त की गिरफ्तारी नितान्त आवश्यक है। अभियुक्त गण उपरोक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

➢ गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1.सनोज कुमार पुत्र महेश कुमार नि0 ग्राम ददिउरी थाना बण्डा शाहजहाँपुर,
2.भागवती पत्नी स्व0 राजीव कुमार नि0 ग्राम ददिउरी थाना बण्डा शाहजहाँपुर,

➢ पंजीकृत अभियोग-

1- मु0अ0सं0-218/2024 धारा 302/34 भादवि बनाम सनोज कुमार आदि 02 नफर उपरोक्त,

➢ गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1-श्री राकेश कुमार मौर्य प्रभारी निरीक्षक बण्डा जनपद शाहजहाँपुर,
2-रि0उ0नि0 पूजा तोमर, थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर,
3-का0 1879 विष्णु कुमार, थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर,
4-का0 2055 दीपक कुमार, थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर,